## एक नजर में

### ओंकारेश्वर में श्रावण मास में कानून व्यवस्था के लिए अधिकारी तैनात किए

**खण्डवा ।** श्रावण मास में ओंकारेश्वर में श्रद्धालुओं के बड़ी संख्या में आने की संभावना को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने अगले 1 माह तक रविवार व सोमवार को कानून व्यवस्था के लिए ओंकारेश्वर में अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। जारी आदेश अनुसार श्रावण मास में प्रति रविवार एवं प्रति सोमवार को समय प्रात: 7 बजे से सायं 8 बजे तक ओंकारेश्वर में कानून व्यवस्था बनाये रखने व श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन व्यवस्था हेतु संयुक्त कलेक्टर खण्डवा श्री शोभाराम सोलंकी, की ड्यूटी ममलेश्वर मंदिर व गौमुख घाट क्षेत्र में लगाई गई है। इसी तरह संयुक्त कलेक्टर आर.सी. खतेड़िया को ब्रह्मपुरी घाट क्षेत्र में, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र मनोज रावत को नागर घाट क्षेत्र में,कार्यपालन यंत्री पी.के.भंडारी को संगम घाट क्षेत्र में, उपसंचालक पशु चिकित्सा हेमंत शाह को जेपी चौक क्षेत्र में, उपसंचालक कृषि आत्मा आनंद सिंह सोलंकी को कोटितीर्थ घाट एवं चक्रतीर्थ घाट क्षेत्र में, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग मनमीत मण्डराई को झूला पुल से प्रवेश द्वार के आसपास, नायब तहसीलदार छैगांवमाखन अभय भटोरे की ड्यूटी कामायनी गेट से बड़ चौक तक, उपयंत्री गौरव रघुवंशी, शशांक भीसे, शिवम पाटिल की ड्यूटी फॉरेस्ट तिराहा क्षेत्र में लगाई गई है।इसके अलावा श्रम पदाधिकारी अनिल मलगाया की ड्यूटी दांडी तिराहा क्षेत्र में, ए.एस.सिसोदिया सहायक प्रबंधक ग्रामीण सड़क परियोजना की ड्यूटी पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में, उपायुक्त सहकारिता संजय सिंह आर्य की ड्यूटी नया बस स्टैंड क्षेत्र में, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग नरेंद्र मंडलोई की ड्यूटी ताम्रकार पार्किंग क्षेत्र में तथा जिला शिक्षा अधिकारी पी.एस. सोलंकी ड्यूटी कोठी पार्किंग क्षेत्र में लगाई गई है।इसके अलावा कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा डीके कैथवास की ड्यूटी अस्पताल तिराहा क्षेत्र में, जनपद पंचायत पुनासा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक त्रिवेदी की ड्यूटी खेड़ीघाट क्षेत्र में लगाई गई है। एआरटीओ दीपक मांझी,विकास शर्मा आबकारी उप निरीक्षक और अंकित सोलंकी आबकारी उप निरीक्षक की ड्यूटी ओंकारेश्वर में यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए लगाई गई है।

### 5 वर्ष तक के बच्चों के सेहत की जांच की जाएगी



**खण्डवा ।** बाल्यकालीन बीमारियों की पहचान एवं त्वरित उपचार के लिए प्रदेश भर में दस्तक अभियान का प्रथम चरण का आयोजन 22 जुलाई से 16 सितंबर तक आयोजित होगा। इसी क्रम में विकासखण्ड खालवा,पंधाना,किल्लौद व जावर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी व एएनएम का एक दिवसीय प्रशिक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में बुधवार को दिया गया। प्रशिक्षण में एम्स के सलाहकार अमित शर्मा ने बताया कि दस्तक अभियान के तहत 5 वर्ष तक के बच्चों में गंभीर कुपोषण,एनीमिया,निमोनिया, निर्जलीकरण,संक्रमण की पहचान व त्वरित उपचार के साथ साथ विटामिन-ए की खुराक दी जायेगी एवं ओ.आर.एस. पैकेट, व जिंक टेबलेट का वितरण किया जायेगा।जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कौषल ने प्रशिक्षण में निर्देश दिए कि जन्म से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों की दस्तक पोर्टल पर एंट्री की जाए।इस दौरान श्रीमति अनिता शुक्ला,जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेन्द्र सिंह सोलंकी,आशीष गीते,डीसीएम राहुल जायसवाल द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

### गत चौबीस घंटों में केवल खालवा में 8 मिमी. हुई वर्षा दर्ज

**खंडवा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 1.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया पिछले चौबीस घंटे में केवल खालवा तहसील में 8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।अन्य किसी तहसील में कोई वर्षा दर्ज नहीं की गई है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 17 जुलाई तक 297.4 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी। जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 230.8 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है।इस वर्ष अब तक खंडवा तहसील में 242 मिली मीटर, हरसूद तहसील में 230 मिली मीटर, पन्धाना तहसील में 162 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 204 मिली मीटर तथा खालवा तहसील में 316 मिली मीटर वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है।

### गौशाला चौराहा क्षेत्र में अतिक्रमण एवं गंदगी पर निगम की सख्त कार्रवाई




**खंडवा।** नगर निगम खंडवा द्वारा स्वच्छता एवं सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने हेतु निरंतर अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में गौशाला चौराहा क्षेत्र में गुजराती भोजनालय एवं पटेल ऑटो गैरेज द्वारा नाली पर किए गए अवैध अतिक्रमण एवं गंदगी फैलाने की शिकायतों पर नगर निगम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण को हटाया एवं 10,000 (दस हजार रुपये) का जुर्माना भी वसूला गया। यह कार्रवाई उपायुक्त एस. आर. सिटोले के निर्देशन में संपन्न हुई। मौके पर जोन प्रभारी मनीष पंजाबी सहित निगम की टीम उपस्थित रही। नगर निगम खंडवा नागरिकों से अपील करता है कि वे स्वच्छता में सहयोग करें एवं किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें।

### उपभोक्ताओं के सिर का दर्द बना बिजली विभाग का स्मार्ट मीटर

**खंडवा।** सरकार द्वारा प्रदेश में लोगों की सुविधा के लिए स्मार्ट विद्युत मीटर घरों में लगाए गए थे जिससे जनता को सुविधा उपलब्ध हो लेकिन यही स्मार्ट मीटर अब आम जनता के लिए मुसीबत बन गए हैं । नया मीटर लगने के बाद कई इलाकों में लोगों को दोगुना या उससे भी अधिक बिल मिल रहा है। ऐसे में क्षेत्रवासियों का गुस्सा स्मार्ट मीटर को लेकर बढ़ रहा है।ज्यादा बिल आने के आरोपों की बीच अब उपभोक्ताओं की जेब भी हांफने लगी है।हालांकि, विद्युत विभाग सामने आ रहे मामलों की जांच कराकर सुधार का दावा कर रहे हैं।बिजली की खपत अक्सर मौसम के अनुसार घटती-बढ़ती है, लेकिन यदि नया मीटर लगते ही अगले ही दिन भारी-भरकम बिल आ जाए तो कोई भी परेशान हो सकता है। वहीं विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उपभोक्ताओं की बिल बढ़कर आने की शिकायत मिली है। इसकी जांच कर उपभोक्ताओं को संतुष्ट किया जाएगा।बिल में पूरी तरह पारदर्शी व्यवस्था लागू की गई है।बाहेती कॉलोनी निवासी मनीष ने बताया कि उनके घर पर जून मध्य में स्मार्ट मीटर लगाया गया था। पहले तक तो 400 रुपये से 700 रुपये तक प्रतिमाह बिल आता था, लेकिन मीटर बदलने के बाद जुलाई में 2000 रुपये से ऊपर बिल प्राप्त हुआ है।हमारे उपयोग में कोई वृद्धि नहीं हुई है उसके बावजूद इतना बिल आना समझ नहीं आ रहा है। स्मार्ट मीटर को लेकर शिवसेना प्रमुख गणेश भावसार ने कहा कि बिजली विभाग उपभोक्ता की समस्याओं को हल नहीं कर पा रहा है। शिकायत करने के बाद भी बिजली उपभोक्ताओं को कोई राहत नहीं दी जा रही है जिससे बिजली उपभोक्ताओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है ।आनंद नगर स्थित एमसीबी ऑफिस में कई शिकायत की गई लेकिन यहां पर भी उपभोक्ताओं को निराशा ही हाथ लगी।शिवसेना मांग करती है कि बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं पर बिजली विभाग शीघ्र ही ध्यान देकर उनकी समस्या हल करें।

# परिसीमन से बदलेगा निगम,विधानसभा व लोकसभा का नक्शा

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। परिसीमन की राजनीति ने दोनों राजनीतिक दलों में हलचल मचा दी है। प्रभावी और बड़े नेता अपने एरिया को अपने हिसाब से जमाने में लग गए हैं। उनकी गोटी कहां फिट बैठेगी?**

इसी हिसाब से परिसीमन को गढ़ने की जुगत हो रही है। परिसीमन में सत्ता में बैठे भाजपा के बड़े नेता अपने हिसाब से काम करवा सकते हैं। छुटभैय्ये नेता भी चाह रहे हैं कि वे परिसीमन को अपने हिसाब से सेट करवाकर सांसद या विधायक बन जाएं।

### खंडवा विधानसभा में दो सीट?

विधानसभा और लोकसभा क्षेत्र की पुरानी सीमाओं को भी तोड़ने और करने की कोशिश हो रही है। खंडवा विधानसभा को दो हिस्सों में बांटकर शहरी और ग्रामीण बनाने की प्लानिंग है। इससे एक एससी और दूसरी सामान्य विधानसभा का आरक्षण मिल सके। सामान्य वर्ग के नेता इसके लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। इनमें कुछ तो ऐसे भी हैं जो पार्षद का चुनाव हार चुके हैं। इसी तरह लोकसभा क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाने के लिए नेता खंडवा का दौरा और कार्यक्रम बना रहे हैं। वह अपने क्षेत्र से हटकर खंडवा और खरगोन तक के दौरे करके यही जा पा रहे हैं, कि वे ही सशक्त दावेदार हैं।

### निगम ने बैठक भी कर डाली

हाल ही में खंडवा की ग्राम पंचायतों को नगर सीमा में शामिल करने की दिशा में नगर निगम द्वारा समितियों की बैठक आयोजित की गई।



### जमावट अभी से शुरू

दोनों पार्टियों के नेताओं ने अपने क्षेत्र छोड़कर दूसरे इलाकों में कार्यक्रम और दौरे शुरू करके सक्रियता बढ़ा दी है। ऐसे में साफ देखा जा रहा है कि नेता साफ तौर पर अपनी बखत कहां है? इसके लिए संघर्ष और मेहनत कर रहे हैं।

### एससी वर्ग का रहेगा बोलबाला

इन पंचायत में एससी वर्ग का बोलबाला है। नगरीय सीमा में भी इस वर्ग के काफी अधिक मतदाता हैं। खंडवा विधानसभा भी एससी वर्ग के लिए आरक्षित है। ऐसे में खंडवा नगर निगम में आरक्षण भी एससी वर्ग का हो सकता है। नगर निगम का परिसीमन भी इसी हिसाब से सेट किया जा रहा है।

### फिर सत्ता के लिए जमावट

सबसे पहले नगर निगम और नगरीय निकायों के चुनाव होंगे। इनमें वोट और जाति के हिसाब से आरक्षण होगा। गांवों को भी नगर निगम की सीमा में मिलाने के लिए निगम में सत्तारुढ भाजपा के लोगों ने कवायदें शुरू कर दी है। ग्राम पंचायत मोकलगांव एवं सुरगांव जोशी,छोटी छैगांव और रोशनाई जैसी पंचायतों को नगर निगम की सीमा में शामिल करके लगभग 70 वार्ड बनाए जा सकते हैं।

### ग्रामों में जागरूकता बैठक

नगर पालिक निगम खंडवा द्वारा ग्राम पंचायतों को नगर सीमा में शामिल करने की प्रक्रिया को गति देने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत मोकलगांव एवं सुरगांव जोशी ,ग्राम पंचायत छैगांवदेवी और रोशनाई में समितियों की बैठक में संबंधित ग्रामों के सरपंच प्रतिनिधि, सचिव, ग्रामवासी तथा समिति अध्यक्ष/सदस्यों को भी एकत्रित कर लिया।

### नेता दोनों ही दलों में सक्रिय नजर आ रहे

यही वजह है कि खंडवा में नगर निगम के पार्षद या महापौर बनने के लिए इस वर्ग के लोग नेता दोनों ही दलों में सक्रिय नजर आ रहे हैं। इधर,सामान्य और पिछड़ा वर्ग के नेता नगर निगम को परिसीमन में बांधने से पहले अपना हित देख रहे हैं। जुगाड़ भी लगा रहे हैं,ताकि उन्हें ही मौका मिल जाए।

### ये पंचायतें निगम में जुड़ेंगी

बैठक के दौरान निगम के अफसर के अलावा ग्राम पंचायत मोकलगांव एवं सुरगांव जोशी,छैगांवदेवी और रोशनाई के सरपंच व जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

छैगांवदेवी ग्राम पंचायत से संतोष बंडोडे (सरपंच प्रतिनिधि),सत्यकंन कनगरो, राहुल सेन, नितेश राठौर, प्रदीप भालसे उपस्थित रहे। रोशनाई ग्राम पंचायत से राज बावसे (सरपंच) एवं शैलेन्द्र कनोच (रोजगार सहायक) उपस्थित रहे।

मोकलगांव में आयोजित बैठक में ग्राम सरपंच मंजुला बाई,कमलेश, हकचंद सोनी,सावन असरे, गजराज सिंह एवं लक्ष्मण सिंह की सहभागिता रही। वहीं सुरगांव जोशी में आयोजित बैठक में ग्राम सरपंच कमलेश पटेल के साथ रामचंद पटेल,हुकुम पटेल,नारायण पटेल,लक्ष्मी नारायण पटेल एवं श्री नारायण उपस्थित रहे।

### शहरी हो जाएंगे ये गांव

ग्रामवासियों को यह जानकारी भी दी गई कि ग्राम के नगर सीमा क्षेत्र में शामिल होने के पश्चात उनके मकान, प्लाट या कृषि भूमि की संपत्ति के मूल्य में वृद्धि होगी, जिससे उन्हें सामाजिक और आर्थिक लाभ प्राप्त होंगे।

### सरपंचों को गिनाए फायदे

ग्राम पंचायत वालों को नगर निगम में शामिल होने के फायदे गिनाए जिसमेंआवास योजना की जानकारी। नल कनेक्शन की सुविधा। शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत लाभ। पी.एम. स्वनिधि योजना के तहत अंतर्गत ऋण सुविधा, साफ-सफाई व्यवस्था हेतु शहरों की तरह घर-घर कचरा कलेक्शन वाहन की व्यवस्था बताई।

## 53 मोतियाबिंद मरीज को नि :शुल्क सर्जरी के लिए भेजा गया इंदौर

**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा ।** राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छैगांवमाखन में नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर आयोजित कर मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया।



शिविर में 121 मरीजों की आंखों की जाँच के उपरांत 67 मरीजों को मोतियाबिंद की सर्जरी के लिए चयनित किया गया। मोतियाबिंद सर्जरी के लिए चयनित मरीजों में से 53 को नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए चोइथराम नेत्रालय इन्दौर भेजा गया है।

ऑपरेशन के बाद इन मरीजों का फॉलोअप 26 जुलाई को छैगांवमाखन में किया जायेगा। शिविर में मरीजों की जाँच नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा की गई है। सर्जरी के लिए चयनित मरीजों को आने जाने,रहने व खाने पीने की सभी सुविधाएं नि:शुल्क दी जा रही है। शिविर मे आये मरीजों के परिजनों को नेत्र रोग की जानकारी देते हुए अपनी आंखों की देखभाल करने व सुरक्षा के लिए समझाइश भी दी गयी।

## 2 आदतन अपराधियों को किया जिला बदर




**नवभारत न्यूज**

***खंडवा । कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋषव गुप्ता ने विभिन्न अपराधों में शामिल दो आरोपियों को जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं।***

जारी आदेश अनुसार करताप पिता लाखा सिंह भिलाला निवासी भिलाईखेड़ा, थाना पिपलोद तथा करण पिता लाखा सिंह भिलाला निवासी आमाखजूरी टांडा, थाना पिपलोद को एक-एक वर्ष के लिए जिला बदर किया गया है। इस अवधि में ये दोनों आरोपी न केवल खंडवा जिले की सीमा में बल्कि साथ ही पड़ोसी जिलों बुरहानपुर, खरगोन, देवास, बैतूल, हरदा एवं इंदौर जिलों की सीमा में भी प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

## सद्भावना मंच सदस्यों ने किए ईमेल



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** नगर में स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को दोगुना बिल मिलने की शिकायतें सद्भावना मंच पर आ रही हैं। बिल बढ़ने से लोगों में गुस्सा है। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पुराने मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। ऊर्जा निगम जांच और जागरूकता अभियान चलाने का दावा कर रहा है। लेकिन परिवर्तन की प्रक्रिया उपभोक्ताओं के लिए मुसीबत बन गई हैं।

जबकि उपभोक्ता मीटर बदलने के बाद बढ़े हुए बिलों से परेशान हैं। नया मीटर लगने के बाद कई इलाकों में लोगों को दोगुना या उससे भी अधिक बिल मिल रहा है। ऐसे में क्षेत्रवासियों का गुस्सा स्मार्ट मीटर को लेकर बढ़ रहा है। जबकि पूर्व में मीटरों में किसी तरह की कोई शिकायत या कमी नहीं थी फिर भी इन्हें क्यों हटाया गया यह बात समझ से परे हैं!

इसीलिए सद्भावना मंच यह मांग करता है कि स्मार्ट मीटरों की व्यवस्था को पूर्वत रखा जाये यह बात सद्भावना संस्थापक प्रमोद जैन ने मंच सदस्यों की उपस्थिति में स्मार्ट मीटरों की लगातार आ रही शिकायतों को लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री को ईमेल करते हुए कहीं।

यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस मौके पर मंच संस्थापक प्रमोद जैन,पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, डॉ.जगदीशचंद्र चौरे, सुरेंद्र गीते, गणेश भावसार, निर्मल मंगवानी, मनीष गुप्ता,राधेश्याम शाक्य, चंद्रकांत मेश्राम, कैलाश पटेल, सुभाष मीणा आदि सहित अनेक सदस्यों ने ईमेल किये।

## बूथ लेवल अधिकारी अपना कार्य पूरी गंभीरता से करें: कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जनपद पंचायत खंडवा के सभाकक्ष में पंधाना विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों की बैठक ली।उन्होंने बैठक में संबोधित करते हुए कहा कि बूथ लेवल अधिकारी व सुपरवाइजर्स का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है । अत: अपने कार्य को पूरी गंभीरता के साथ मन लगाकर करें ।उन्होंने कहा कि हम विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन के लिए कार्य कर रहे हैं, इस बात पर हमें गर्व होना चाहिए।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि मतदाता सूची त्रुटि रहित होगी तभी स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान संभव है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में त्रुटि होने की स्थिति में लोगों का चुनाव प्रक्रिया से विश्वास कम होता है। उन्होंने कहा कि सभी बूथ लेवल अधिकारी सुनिश्चित करें कि मतदाता सूची में किसी भी मृत व्यक्ति या स्थानांतरित हो चुके व्यक्ति का नाम ना रहे। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक युवा का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का प्रयास करें, ताकि वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। कलेक्टर श्री गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि कोई भी व्यक्ति मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित न रहे, इसके लिए जरूरी है कि मतदाता सूची में सभी पात्र व्यक्तियों के नाम शामिल हों।

इलेक्शन सुपरवाइजर श्री शुक्ल ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ लेवल अधिकारियों व सुपरवाइजर्स को दिए जा चुके हैं।

इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी एस आर सोलंकी तथा इलेक्शन सुपरवाइजर प्रफुल्ल शुक्ला भी मौजूद थे।




## सीपीईटी आल इंडिया में 27 वी रेंक आने पर किया सम्मान



**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा।** लियो क्लब खण्डवा अध्यक्ष सुमीत परिहार, सचिव अभिषु शर्मा,कोषाध्यक्ष केतन वर्मा के नेतृत्व में लियो क्लब खण्डवा द्वारा लियो रिमझिम खत्री को सीपीईटी ऑल इंडिया रेंक 27 में स्थान प्राप्त कर खण्डवा शहर, लियो क्लब खण्डवा एवं अपने परिवार को गौरवान्वित कर महत्वपूर्ण उपलब्धि पर लायन्स भोजन सेवा केंद्र खण्डवा पर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर लायन्स क्लब के वरिष्ठ साथी लायन गांधीप्रसाद गदले,सुशीला गदले,नारायण बाहेती,घनश्याम वाधवा,लायन सनत श्रीमाली आदि उपस्थित रहे।

**शिक्षा विभाग : बैठक** — शिक्षक अपने घरों और स्कूलों की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाएं : कलेक्टर

# सभी विद्यार्थियों को "कोडिंग" की ऑनलाइन ट्रेनिंग दिलाएं

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में उपस्थित हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्यो को निर्देश दिए कि अपने-अपने घरों तथा स्कूल भवनों की पक्की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाएं।यह कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के लिए कहा।



उन्होंने कहा कि वर्षा के पानी की एक भी बूंद व्यर्थ न बहे, बल्कि वर्षा का पानी रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से भूजल संवर्धन के उपयोग में आए।इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होंगे।

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि सभी प्राचार्यो को प्रथम चरण में शासकीय व अशासकीय स्कूल भवनों की पक्की छतों पर रूफवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाना है।द्वितीय चरण में शिक्षकों व प्राचार्यो के पक्के मकानों की पक्की छत पर भी 31 दिसंबर तक रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाना है।ताकि वर्षा के पानी की एक-एक बूंद जमीन में समाकर भूजल स्तर को बढ़ाए।कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में अनुपस्थित प्राचार्यो के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा वेतन काटने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए।

कलेक्टर ने इस दौरान प्राचार्यो से कहा कि कोडिंग फॉर एवरी वन कार्यक्रम के तहत अपने अपने स्कूलों के सभी विद्यार्थियों का कोडिंग क्लासेस के लिए पंजीयन कराएं। उन्होंने कहा कि कोडिंग संबंधी यह प्रशिक्षण शासकीय एवं प्राइवेट स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए पूर्णत: नि:शुल्क है। इस सुविधा का सभी विद्यार्थी लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज के जमाने में डिग्री से अधिक स्किल जरूरी है। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी स्कूलों में एक-एक शिक्षक को नोडल शिक्षक के रूप में नामांकित करें और उसे शिक्षक को भी कोडिंग संबंधी प्रशिक्षण भी दिलाएं, ताकि वह विद्यार्थियों को कोडिंग संबंधी मार्गदर्शन दे सके।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि कोडिंग प्रशिक्षण में अच्छा परफॉर्म करने वाले 50 बच्चों को कोडिंग किट गिफ्ट में दी जाएगी। उन्होंने कोडिंग क्लासेस में शामिल होने वाले विद्यार्थियों से कहा कि वे डाउट क्लासेस भी अटेंड करें, ताकि जो समझ में ना आए उसे फिर से स्पष्ट समझ सकें। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन नवाचार के रूप में कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों को कोड योगी संस्थान के सहयोग से स्कूली शिक्षा के साथ-साथ कोडिंग संबंधी प्रशिक्षण भी दिला रहा है। बैठक में नि:शुल्क पुस्तक वितरण योजना, नि:शुल्क गणवेश वितरण योजना की समीक्षा भी की गई।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी पी एस सोलंकी सहित विभिन्न हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य भी मौजूद थे।